भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 32
सोमवार, 29 नवम्बर, 2021/8 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

केंद्रीय पर्यटन सूची में शिरडी धाम को शामिल किया जाना

32. श्री सदाशिव किसान लोखंडे:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध शिरडी धाम और शनि सिंगनापुर को विकसित करते हुए उक्त स्थलों और स्थानों को पर्यटकों के लिए पर्यटन की केंद्रीय सूची में शामिल करने के लिए कोई कदम उठाया है या कोई कदम उठाने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): महोदय, महाराष्ट्र राज्य सरकार से आज तक पर्यटन मंत्रालय में शिरडी धाम और शनि सिंगनापुर के विकास के लिए कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है। तीर्थ/धार्मिक पर्यटन स्थलों का विकास एवं रखरखाव, मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी प्रशाद योजना के तहत भी देश में ऐसे स्थानों के विकास के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पर्यटन मंत्रालय धार्मिक/तीर्थ गंतव्यों/स्थानों को योजना दिशा-निर्देशों के अनुरूप सम्बन्धित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर चिह्नित करता है और इस योजना के तहत एसे स्थलों के विकास के लिए परियोजनाओं को एक सतत् प्रक्रिया में स्वीकृति प्रदान करता है।

****